# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 482, वर्ष 38 | रॉंची, 30 सितम्बर, 2014


# सीसीएल में हिन्दी माह मनाया गया : रजरप्पा को प्रथम पुरस्कार

कार्यालयीन काम–काज में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीसीएल मुख्यालय में विगत 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक राजभाषा–माह का आयोजन किया गया।

सीसीएल मुख्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सितम्बर माह पर्यन्त राजभाषा–माह, विभिन्न गतिविधियों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। माह के दौरान राजभाषा से संबंधित कई कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिनमें मुख्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। पूरे सितम्बर माह में कई प्रतियोगिताएं, कार्यशाला, विभागों के निरीक्षण आदि आयोजित किए गए।

माह के दौरान हिन्दी में निबंध प्रतियोगिता (कर्मचारी/अधिकारियों) के लिए आयोजित हुई जिसमें हिन्दी भाषी एवं हिन्दीतर भाषी दो वर्ग रखे गये थे। उच्च अधिकारियों के लिये अलग से हिन्दी निबंध प्रतियोगिता रखी गई। मुख्यालय के सभी कर्मचारी/अधिकारियों के लिए हिन्दी टिप्पण–आलेखन, सामान्य ज्ञान एवं हिन्दी ज्ञान की लिखित प्रतियोगिता तथा कम्प्युटर पर टंकण प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में कर्मचारी/अधिकारिगणों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राजभाषा कार्यशाला में सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने हेतु किये जाने वाले प्रयासों में कैसे शत–प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया जा सके, उस पर चर्चा हुई। सभी प्रतियोगिताओं में विद्वान निर्णायकों की सहायता ली गई और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लिखित प्रतियोगिताओं की उत्तर पुस्तिकाएं रॉंची शहर के हिन्दी विद्वानों द्वारा जांच कराई गई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के साहित्यकार श्री अशोक प्रियदर्शी उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने की जबकि निदेशकगण सर्वश्री टी के नाग, श्री आर आर मिश्र एवं श्री डी के घोष ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा बढाई। कुल 111 प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों ने पुरस्कृत किया जिसमें 25 प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 86 सांत्वना पुरस्कार सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. निवेदिता बनर्जी, वरी. अधिकारी (राजभाषा) ने किया और आभार प्रदर्शन राजभाषा प्रमुख श्री वी एन प्रसाद, महाप्रबन्धक (कर्म.स्था.) ने किया।

**वार्षिक मुल्यांकन के आधार पर हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत क्षेत्र–**

1. रजरप्पा क्षेत्र, 2. कथारा क्षेत्र, 3. ढोरी क्षेत्र।

**मुख्यालय के विभाग जिन्हें वर्ष पर्यन्त राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये पुरस्कृत किया गया–**

1. भर्ती विभाग, 2. प्रशासन विभाग, 3. जनसम्पर्क विभाग।




कर्मियों को संबोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

**हिन्दी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता – 2014**

1. श्री के के मिश्र, उप प्रबंधक (कार्मिक) – प्रथम पुरस्कार, 2. श्री शिव कुमार सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी – द्वितीय पुरस्कार, 3. श्री प्रमोद कुमार, वरीय निजी सहायक – तृतीय पुरस्कार।

**हिन्दी निबंध प्रतियोगिता (ई–6 एवं उच्च अधिकारियों के लिए) 2014**

1. श्री मंगल सैन भूटानी, वरीय प्रबन्धक (विक्रय) – प्रथम पुरस्कार, 2. श्री राजेश कुमार जायसवाल, वरीय प्रबन्धक (सामग्री प्रबन्धन) – द्वितीय पुरस्कार, 3. श्री प्रवीण कुमार सिंह, वरीय प्रबन्धक (खनन) – तृतीय पुरस्कार।

**सामान्य ज्ञान एवं हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता – 2014**

1. श्री कृष्ण झा, वरीय प्रबन्धक, भु राजस्व – प्रथम पुरस्कार, 2. श्री गौरव वर्मा, कैट – 1, (सामान्य प्रशासन) – द्वितीय पुरस्कार, 3. श्री अजीत तिर्की, जू डी ई ओ, (सामान्य प्रशासन) – तृतीय पुरस्कार।

**हिन्दी स्व–रचित काव्य पाठ प्रतियोगिता – 2014**

1. श्री संजय, प्रबन्धक (कार्मिक), सामान्य प्रशासन – प्रथम पुरस्कार, 2. श्री मनोज कुमार सिन्हा, फोरमैन इंचार्ज (ई एण्ड एम) – द्वितीय पुरस्कार, 3. (i) श्री प्रदीप कुमार सिंह, वरीय प्रबन्धक (कार्मिक) – तृतीय पुरस्कार, (ii) श्रीमती संगीता, प्रबन्धक, (वन एवं पर्यावरण) – तृतीय पुरस्कार।

**भाषण (तात्कालिक) प्रतियोगिता – 2014**

1. श्री प्रदीप कुमार सिंह, वरीय प्रबन्धक (कार्मिक), भर्ती विभाग – प्रथम पुरस्कार, 2. श्री विमल कुमार सिंह, मुख्य प्रबन्धक (ई एण्ड एम), विधुत एवं यांत्रिकी विभाग – द्वितीय पुरस्कार, 3. डॉ जे एन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा विभाग – तृतीय पुरस्कार।

**निबंध प्रतियोगिता – 2014 (हिन्दी भाषी) :–**

1. श्री अभिषेक तिवारी, लेखापाल, विक्रय एवं विपणन विभाग – प्रथम पुरस्कार, 2. श्री के के मिश्र, उप प्रबंधक (कार्मिक), अधिकारी स्थापना विभाग – द्वितीय पुरस्कार, 3. डॉ. मेजर जे एन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा विभाग – तृतीय पुरस्कार।

**निबंध प्रतियोगिता (हिन्दीतर भाषी)**

1. श्री सुबीर कुमार दास, डी ई ओ, कार्मिक एवं औ. सं. विभाग – प्रथम पुरस्कार, 2. रूचिता राय, निम्न वर्गीय लिपिक, विधि विभाग – द्वितीय पुरस्कार, 3. श्री हसीबुल रब चौस, डी ई ओ, सतर्कता विभाग – तृतीय पुरस्कार।

**कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता – 2014**

1. श्री तपन कुमार बरियार, डी टी पी ऑपरेटर, सीसीएल प्रेस, – प्रथम पुरस्कार, 2. श्री संदीप सेन गुप्ता, यु डी सी, सीसीएल प्रेस,– द्वितीय पुरस्कार, 3. श्री राकेश कुमार, जू डी ई ओ, सीसीएल प्रेस, तृतीय पुरस्कार।




रजरप्पा क्षेत्र को प्रथम पुरस्कार की ट्राफी प्रदान करते सीएमडी

# सीसीएल ने दुर्गा को गोद लिया



बिरसा जैविक उद्यान के निदेशक सीएमडी श्री गोपाल सिंह को प्रमाण पत्र देते हुए

बिरसा जैविक उद्यान स्थित 11 वर्षीय बाधिन दुर्गा को सीसीएल ने विगत 26 सितम्बर को औपचारिक रूप से पांच साल के लिए गोद लिया। एक सादे समारोह में हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने झारखंड राज्य वन विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष बिरसा जैविक उद्यान के दुर्गा बाधिन को गोद लेने की सारी प्रक्रियाएं पूरी की।

इस अवसर पर श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समारोह काफी महत्वपूर्ण है। श्री सिंह ने विस्तार से कम्पनी द्वारा चलाये जा रहे कायाकल्प योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को विकास चाहिए और कोई नहीं चाहता कि विकास विनाश के साथ हो। उन्होंने कहा कि विकास बिल्कुल संभव है कमतर विनाश के साथ। उन्होंने मौके पर ही पी. सी. पी. एफ. को एक वर्ष के लिए रू 2,95,000/ का चेक प्रदान किया तथा उद्यान के निदेशक ने इस संबंध में सीसीएल सीएमडी को प्रमाण–पत्र प्रदान किया।

समारोह को डा. डी श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक(झारखंड), श्री बी सी निगम, पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ), श्री ए के पात्रा, निदेशक, बिरसा जैविक उद्यान श्री पी के वर्मा ने भी संबोधित किया और दुर्गा बाधिन को गोद लेने के लिए सीसीएल को बधाई दिया। श्री आर एन ठाकुर, सहायक वन संरक्षक ने सीएमडी, सीसीएल तथा पी. सी. सी. एफ. को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर झारखंड राज्य वन विभाग के अधिकारियों के अलावा सीसीएल की ओर से सीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशक(तकनीकी) श्री टी के नाग एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीना नाग, निदेशक(कार्मिक) श्री आर आर मिश्र एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, पूर्व मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती विस्मिता तेज, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित सभी श्रम संघ के प्रतिनिधिगण, सी एम ओ ए आई के प्रतिनिधि, कर्मी तथा आमजन उपस्थित थे।

# गांधीनगर में दो दिवसीय 'मिडिल ईयर सर्जरी'

केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में विगत 27–28 सितम्बर को –मिडिल ईयर' सर्जरी पर चिकित्सीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बिहार एवं झारखंड राज्य के लगभग 40 प्रख्यात चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आंख, कान एवं गला विशेषज्ञ चिकित्सकों का ज्ञानवर्द्धन करना था।

कार्यशाला के दौरान अतिथि चिकित्सक फेकल्टी डा. राजेश विश्वकर्मा, विभागाध्यक्ष (ई एन टी), बी जे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद (गुजरात) के द्वारा पांच ईएनटी मरीजों का आपरेशन किया गया। चार कान के रोगियों का मेसटोयडेक्टोमी (कान के भीतरी भाग) आपरेशन किया गया जबकि एक कान के मरीज की सुनने की शक्ति में सुधार करने हेतु मिडिल ईयर आपरेशन किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ विश्वकर्मा ने 25 अन्य ई एन टी मरीजों की भी जांच की।

गांधीनगर अस्पताल के डॉ. वी के शर्मा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. बी एम के सिन्हा, सीएमएस/विभागाध्यक्ष(ई एन टी), डॉ. नूतन सिंह, सीएमएस/इंचार्ज, डॉ. आर के झा, सी एम ओ(ई एन टी), डॉ. एस पी रंजन, ई एन टी विशेषज्ञ, डॉ. अभिषेक, निश्चेतन विशेषज्ञ, डॉ. छाया रानी, एम एस, एनेस्थेसिया एवं अन्य पारा मेडिकल कर्मियों ने इस कार्यशाला के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

> बच्चों को अमीर होने के नहीं,
> खुश रहने के संस्कार दें।
> बड़े होकर वे वस्तुओं की कद्र करेंगे
> न की उनके कीमत की।
>
> — स्वामी विवेकानन्द

**समाधान टॉल फ्री नं. – 18003456501**


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : जयेश रावल, जनसम्पर्क सहायक, सीसीएल, दरभंगा हाउस, रॉंची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, रॉंची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)